>

Title: Need to provide adequate wages and social security benefits to beedi workers in Kaushambi district, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): देश में बीड़ी श्रमिकों की संख्या करोड़ों में है। कौशाम्बी जनपद (उत्तर प्रदेश) में 1 लाख बीड़ी बनाने वाले श्रमिकों का शोषण आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक आधार पर हो रहा है। हजार बीड़ी बनाने की मजदूरी 65 रूपये की जगह 45 रूपये देते हैं। बीड़ी श्रमिक बच्चों के पढ़ाई के लिए (छात्रवृत्ति) वजीफा नहीं मिलता, आवास हेतु 45 हजार, इलाज स्वास्थ्य के लिए 3 लाख अनुदान नहीं दिया जा रहा है। कार्ड के साथ 25 हजार बीमा नहीं दिया जाता, 85 प्रतिशत मजदूरों के पास कार्ड नहीं है। भारत सरकार श्रम मंत्रालय उपरोक्त बिंदुओं को तत्काल लागू करे एवं दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही हो।